50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 5.6 °c | अधिकतम 19.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:11, सूर्यास्त : 5:24 | वर्ष : 50/ अंक : 353 | शनिवार, 24 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों हैं, यह हमें चुनना है कि इनमें से हमें किसे महत्व देना है।

मैनपुरी के विकास से सपा देगी गुजरात मॉडल को पटखनी : अखिलेश यादव

बात सुनने में अच्छी लगती हो... चाहे वो एक नया लतीफा हो.....

सिक्किम में शहीद हुआ भोपा का लोकेश

भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)। सिक्किम में हुए बड़े सड़क हादसे में सेना के 16 जवान शहीद हो गए। इनमें मुजफ्फरनगर जिले के यूसुफपुर का निवासी 25 ग्रेनेडियर में तैनात लोकेश कुमार शामिल हैं। भोपा प्रतिनिधि के अनुसार 28 वर्षीय लोकेश पुत्र उदयवीर की तैनाती 25 वीं ग्रेनेडियर में थी और वह सिक्किम क्षेत्र में तैनात था। वह 2013 में सेना में भर्ती हुआ था। बताया गया है कि कल उसने अपने परिजनों से फोन पर बात की थी। इसके बाद आज उन्हें उनके शहीद होने की खबर मिली तो परिवार में शोक व्याप्त हो गया। लोकेश अपनी माता कुसुम व पिता उदयवीर सिंह का अकेला पुत्र था। उसकी एक बहन है, जो अविवाहित है। तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी तनु के साथ हुई थी। हालांकि अभी उनके यहां कोई संतान नहीं हुई है। लोकेश की शहादत की सूचना मिलते ही तमाम रिश्तेदार भी उनके आवास पर पहुंचने लगे। हालांकि परिजनों को अभी यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि शहीद का शव कब गांव में पहुंचेगा। ऐजेंसी के अनुसार यह घटना जेमा, उत्तरी सिक्किम में हुई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत के मुताबिक, जेमा के रास्ते में वाहन एक तीखे मोड़ पर एक खड़ी ढलान पर फिसल गया। हादसे के बाद बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया और चार घायल सैनिकों को हवाई मार्ग से निकाला गया। इसमें दुर्भाग्य से तीन जूनियर कमीशंड अधिकारियों और 13 सैनिकों ने दुर्घटना में लगी चोटों के कारण दम तोड़ दिया। हादसे में जो जवान शहीद हुए हैं, उनमें मुजफ्फरनगर के भोपा क्षेत्र के यूसुफपुर का निवासी लोकेश कुमार शामिल है। नायक लोकेश कुमार की तैनाती 25 ग्रेनेडियर में थी। हादसे में उनके निधन की सूचना जैसे ही परिवार जनों को मिली तो वहां गम का माहौल था। पूरे गांव में इस जवान की शहादत पर गम का माहौल देखा गया। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए सांत्वना दी।

परिवार का अकेला पुत्र था लोकेश, एक बहन है अविवाहित

चौधरी चरण सिंह के सपनों को भाजपा ने किया साकार : दिनेश शर्मा

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। बुढ़ाना में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने कहा कि सरकार एथनॉल बनाकर किसानों की गन्ने की समस्या का समाधान करेगी। यहां जयंती पर रामकुमार सहरावत द्वारा आयोजित सभा में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे साथी थे। उनके सपनों को भाजपा की सरकार ने साकार किया है। चौधरी साहब का सपना था कि हर घर में बिजली हो, महिलाएं घर के बाहर शोच के लिए न जाएं। गांव में सभी के पक्के मकान हों। यह चौधरी साहब का सपना था। जिसको भाजपा ने साकार किया है। किसानों की गन्ने की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गन्ने से एथनॉल बनाकर किसानों की समस्या का समाधान करेगी। जिससे गन्ना किसान मालामाल हो जाएगा। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिए किये गए तमाम कार्यों को गिनवाया और कहा कि चौ. चरण सिंह जी का जन्मदिन हमारे लिये श्रद्धांजलि का नहीं बल्कि प्रतिज्ञा दिवस है। इस मौके पर आयोजक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सहरावत, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सुनील भराला, सुरेन्द्र देव शर्मा, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, विनीत कात्यायन, राजकुमार छाबड़ा, जितेन्द्र त्यागी, कुलदीप मुखिया, नितिन शर्मा, नीलू शर्मा, बब्लू प्रमुख, मोनू मलिक, बृजपाल सहरावत और संदीप गर्ग आदि ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर जैन समाज ने सम्मेद शिखर मामले को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

25 लाख सेवानिवृत्त सैनिकों को मिलेगा वन रैंक वन पेंशन का लाभ

नई दिल्ली, 23 दिसंबर (वार्ता)। वन रैंक वन पेंशन के दायरे को विस्तार देते हुए केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों को एक बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत एक जुलाई 2019 से पहले सेवानिवृत्त हुए सभी सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों को अब इसमें शामिल किया गया है। इसके साथ ही वन रैंक-वन पेंशन का लाभ अब 25 लाख से ज्यादा सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में शुक्रवार को बुलाई गई कैबिनेट की बैठक में सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों की लेकर यह फैसला लिया गया है। फैसलों को जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि वन रैंक वन पेंशन स्कीम में शामिल किए गए नए पेंशनर्स और उनके परिवारों को जुलाई 2019 से जून 2022 तक एरियर दिया जाएगा, जिस पर करीब 23 हजार करोड़ खर्च होंगे। इसके साथ ही उन्हें महंगाई भत्ता भी दिया जाएगा, जिस पर करीब 8450 करोड़ खर्च होंगे। गौरतलब है कि वन रैंक वन पेंशन स्कीम की शुरूआत 1 जुलाई 2014 में मोदी सरकार ने शुरू किया था।

दिसम्बर 2023 तक सभी को मिलेगा फ्री राशन

नई दिल्ली। अपने एक अन्य फैसले में सरकार ने दिसंबर 2023 तक सभी को मुफ्त राशन देने का ऐलान किया है, जिससे देश के 81.35 करोड़ लोगों को फायदा होगा। अब कार्ड धारकों को अनाज के लिए कोई भुगतान नहीं करना होगा।

गेहूं बुवाई कर एक सप्ताह पूर्व ही ड्यूटी पर लौटा था लोकेश

भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)। एक सप्ताह पूर्व ही लोकेश वापस ड्यूटी पर लौटा था। तब पता नहीं था कि इसके बाद वह वापस नहीं लौटेगा। परिजनों के अनुसार लोकेश पिछले दिनों अवकाश पर आया था। इसके बाद उसने गांव में अपने खेतों में गेहूं की बुवाई में अपने परिवार की मदद की। इसके बाद पिछले सप्ताह ही वह वापस ड्यूटी पर लौटा था। किसी को पता नहीं था कि इसके बाद वह लौट कर घर नहीं आएगा। गांव वालों के अनुसार लोकेश पूरे गांव में अपने मधुर व्यवहार के लिए जाना जाता था। उनका परिवार भी सीधा सादा है। मां कुसुम, पत्नी तनु, बहन रश्मि व पिता उदयवीर का रो रोकर बुरा हाल है।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया शोक

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के वीर जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया। पीएम ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि उत्तरी सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के जवानों की जान जाने का गहरा दुख है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

पिता को मिली बेटे के प्रेम की सजा, कचहरी में सरेआम धुनाई

▶ अधिवक्ताओं ने पीड़ित को बचाया, बाद में पुलिस ने आकर हड़काया ▶ प्रेमी युगल ने मांगी थी लिव इन में रहने की अनुमति

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। कचहरी में शुक्रवार को बेटे के प्रेम की सजा पिता को दी गई। लड़की पक्ष के लोगों ने प्रेमी के पिता की सरेआम धुनाई कर दी। मीडिया के कैमरों के बीच भी आरोपी बुजुर्ग पर थप्पड़ और घूसे बरसाते रहे। अधिवक्ताओं ने बीच में आकर पीड़ित की जान बचाई, जबकि वो लगातार चिल्लाता रहा कि दोनों ने प्रेम विवाह किया है, इसमें मेरा कोई कसूर नहीं है। बाद में पुलिस ने मारपीट करने वालों को हड़काते हुए दोनों पक्षों को मण्डी थाने भेज दिया, जहां पर लड़की को भगाने के मामले में एफआईआर दर्ज है।

दरअसल, प्रेम प्रसंग का यह मामला नई मण्डी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। वहलना गांव के विक्रांत और नई मण्डी थाना क्षेत्र के शिवनगर की तनु के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों ने गुरूवार को एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय से मिलकर लिव इन रिलेशन में रहने की अनुमति मांगी थी। उनका कहना था कि वो दोनों बालिग हैं और एक साथ रहना चाहते हैं। एसपी ने उन्हें कानूनी प्रावधान बताते हुए वापस कर दिया था। इस मामले में तनु के परिजनों ने विक्रांत आदि के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज करा रखी है। पुलिस अधिकारियों से मिलने के बाद इस युगल ने प्रेम विवाह भी रचा लिया। शुक्रवार को दोनों पक्ष कचहरी में कानूनी राय मशविरा को आये हुए थे। इसी बीच लड़की पक्ष को प्रेमी विक्रांत के पिता राम सिंह अकेले मिल गये। आरोप है कि लड़की पक्ष ने बेटी को अगुवा करने का आरोप लगाते हुए राम सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने में महिलाएं भी शामिल रहीं। खुद को बचाने के लिए राम सिंह चिल्लाये तो मौके पर लोगों का जमघट लग गया। काफी देर तक मारपीट का सिलसिला चलता रहा तो उधर से गुजर रहे अधिवक्ताओं ने हस्तक्षेप किया। उनके सवालों के बीच भी रामसिंह को थप्पड़ मारे जाते रहे। जब अधिवक्ताओं ने तीखे तेवर दिखाये तो तब जाकर मारपीट करने वाले पीछे हटे। इसी बीच कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी भी आ गये। उन्होंने मारपीट करने वालों से नाराजगी जताई। विक्रांत के वकील मांगेराम ने बताया कि दोनों बालिग हैं और उन्होंने कोर्ट मैरिज कर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली है। लड़की पक्ष ने आज विक्रांत के पिता से मारपीट की है। पहले भी लड़की पक्ष लड़के के साथ मारपीट कर चुका है। उधर पीड़ित राम सिंह का कहना था कि वो आज किसी काम से कचहरी आये हुए थे, तो लड़की के परिजनों ने मेरी पिटाई कर दी, जबकि मेरी कोई गलती नहीं है। मेरे लड़के ने तनु के साथ शादी कर ली है, मु-ो इस शादी से कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि मैं दहेज के खिलाफ हूं। इसी बीच सिविल लाइन पुलिस दोनों पक्षों को अपने साथ नई मण्डी कोतवाली ले गई। फिलहाल प्रेमी युगल थाने नहीं पहुंचा था। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी, क्योंकि दोनों ही बालिग हैं।

निकाय चुनाव ▶ अवकाश के बावजूद न्यायालय ने दिये मामले में सुनवाई के आदेश

आरक्षण पर आज फैसले की उम्मीद

लखनऊ, 23 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी। कोर्ट ने क्रिसमस के अवकाश के बावजूद इस पर सुनवाई करने को कहा है। ऐसे में इस मामले पर कल फैसला आने की उम्मीद है।

मामले पर सुनवाई कर ही खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है।

राज्य सरकार ने दाखिल किए गए अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है? इस पर सरकार ने कहा कि 5 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। जनहित याचिकाओं में निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का उचित लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दे उठाए गए हैं। याचियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। राज्य सरकार ने ऐसा कोई परीक्षण नहीं किया। यह भी दलील दी कि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने गत 5 दिसंबर को अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना के तहत ड्राफ्ट आदेश जारी कर दिया। इससे यह साफ है कि राज्य सरकार ओबीसी को आरक्षण देने जा रही है। साथ ही सीटों का रोटेशन भी नियमानुसार किए जाने की गुजारिश की गई है। याचियों ने इन कमियों को दूर करने के बाद ही चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने का आग्रह किया है।

पुलिस को मास्क अनिवार्य

लखनऊ। कोरोना के नये वेरिएंट के दस्तक देने के साथ ही सरकार सतर्क मोड में आ गई है। पुलिस विभाग ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। जिसमें सभी पुलिस कर्मियों को अनिवार्य रूप से मास्क पहनने और सेनिटाइजर का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की ओर से बृहस्पतिवार को जोनल एडीजी, पुलिस कमिश्नर, आईजी रेंज और डीआईजी और एसएसपी के नाम दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसमें पुलिस कर्मियों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के साथ ही शत.प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। जो लोग बूस्टर डोज नहीं लगवाये हैं, उन्हें तत्काल टीका लगवाने के लिए कहा गया है।

दलित की हत्या के 5 आरोपी सबूत के अभाव में बरी

वर्ष 2009 में भोकरहेड़ी में हुई थी दलित की गोली मारकर हत्या

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। 3 जून 2009 को थाना भोपा क्षेत्र के ग्राम भोकरहेड़ी में अवैध संबंधों को लेकर दलित पूर्ण सिंह की गोली मारकर हत्या किये जाने के मामले में आरोपी जयराम, ऋषिपाल, आदेशपाल, शशिपाल व श्रीमती उमेश को सबूत के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया है। मामले की सुनवाई विशेष अदालत एससीएस टी कोर्ट के जज रजनीश कुमार की कोर्ट में हुई आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कामरान हसनेन शबी मोहम्मद व दानिश रियाज ने पैरवी की।

अभियोजन की कहानी के अनुसार गत 3 जून 2009 को थाना भोपा के ग्राम भोकरहेड़ी में दलित पूर्ण सिंह को कुछ लोग घर से बुलाकर ले गए थे। बाद में उसका गोली से छलनी शव एक खेत से बरामद हुआ था। इस मामले में 5 आरोपियों के विरुद्ध मामले की सुनवाई हुई। आज मामले के सभी आरोपियों को अदालत ने सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

छात्रों के दो गुटों में संघर्ष, गोलियां चली

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। परिक्रमा मार्ग पर स्थित एक कालेज में गत दिवस दो छात्रों पर हुए जानलेवा हमले के बाद आज एक बार फिर कुछ छात्रों ने फायरिंग कर दी, जिससे कालेज में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपी छात्रों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है, जबकि फायरिंग के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी छात्रों की तलाश कर रही है। पुलिस ने तीन छात्रों को हिरासत में भी लिया है। सहारनपुर जनपद के बडगांव थाना क्षेत्र के गांव सिमलखा निवासी नितिन राणा पुत्र शेर सिंह राणा ने नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह परिक्रमा स्थित एक कालेज में छात्र है। उसने बताया कि गत दिवस वह कालेज कैम्पस में खड़ा हुआ था, तभी वहां आये अक्षय निवासी जौहरा, मनु पंडित, मनीष चैधरी व नारायण पंडित ने तितावी थाना क्षेत्र के गांव अमीरनगर निवासी छात्र शाहवेज पुत्र अय्यूब पर हमला करके उसे मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी छात्रों ने नितिन पर भी हमला कर दिया ओर उसे भी बुरी तरह मारा-पीटा। घटना से कॉलेज में अफरा-तफरी मच गई। आरोपी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस ने घायल छात्रो का मैडिकल कराने के बाद मुकदमा दर्ज करके आरोपी छात्रों की तलाश शुरू कर दी है। गत दिवस हुई घटना के आरोपी छात्र अभी पुलिस के हाथ आ भी नहीं पाये थे कि आज एक बार फिर उसी कॉलेज में दोबारा संघर्ष की घटना हुई, जिसमें कई राउंड फायरिंग हुई। फायरिंग से कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी व छात्र-छात्राओं में भगदड़ मच गई। आरोपी फायरिंग करते हुए फरार हो गये। सूचना मिलने पर नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। नई मंडी चैकी प्रभारी धर्मराज यादव ने बताया कि पुलिस कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर फायरिंग करने वाले छात्रों को तलाश रही है। पुलिस ने तीन छात्रों को हिरासत में भी लिया है। बताया गया कि छात्रों के बीच हुए विवाद के निपटारे के लिये चल रही बातचीत के दौरान फायरिंग की यह घटना हुई।

पुलिस ने तीन छात्रों को लिया हिरासत में

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। आज सवेरे वहलना चैक पर ट्रक की टक्कर से बाईक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी 54 वर्षीय मेहरूनिशा अपने पति दीन मौहम्मद के साथ बाईक पर सवार होकर जा रही थी। वहलना कट के पास तेज रफ्तार से आये ट्रक ने बाईक में टक्कर मार दी, जिससे मेहरूनिशा और उसका पति सड़क पर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस हादसे में मेहरूनिशा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भिजवा दिया। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

कोहरे के साथ जिले में कोल्ड डे की चेतावनी, पारा : 19.9 : 5.6

▶ हाड़ कंपाने वाली ठंड में परिदे और चरिदे भी कांप उठे ▶ शाम से सुबह तक जिंदगी हो रही है कड़ी ठंड में जाम ▶ नौचंदी साढ़े छह घंटे, इंटरसिटी दो घंटे विलंब से चली

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। सनसनाती हवाओं के साथ ठंड अब हाड़ कंपाने लगी है। आज की सुबह कोहरे के साथ आई, लेकिन दिन चढ़ते धूप खिलने से काफी राहत महसूस हुई। हालांकि आज धूप की गर्माहट अपेक्षाकृत कम रही। शाम से सुबह तक कड़ाके की ठंड लोगों के पांव घरों में रोक रही है। ठंड का प्रकोप परिदों और चरिदों पर भी नजर आ रहा है। शहर में दिनचर्या दिन में 11 से छह सात बजे तक सिमट गई है। आज अधिकतम तापमान में थोड़ा इजाफा हुआ और यह 19.9 डिग्री पर पहुंच गया। हालांकि न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री गिरकर 5.6 डिग्री पर दर्ज किया गया। मौसम में अभी सूखी ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने मुजफ्फरनगर में कोल्ड डे की चेतावनी दी गई है। आज नौचंदी एक्सप्रेस फिर साढ़े छह घंटे विलंब से चली वहीं इंटरसिटी दो घंटे विलंब से चली। अन्य रेलगाड़ियां भी कोहरे के कारण देरी से चल रही हैं।

कड़ाके की ठंड के बीच आज सुबह जहां कोहरे से शुरू हुई, लेकिन दोपहर बाद निकले सूर्यदेव की तपिश ने लोगों को काफी राहत प्रदान की। इसके चलते दिन काफी सुकून भरा रहा। ठंड अब जहां जिंदगी को जकड़े हुए है, वहीं पक्षियों की दिनचर्या में भी बदलाव आया है। सुबह के समय चार बजे सैर सपाटे पर निकलने वाले लोग अब या तो निकल नहीं रहे हैं या फिर देर से रिजाई उतार रहे हैं। दूसरी ओर ठंड में परिदे देर में घरौंदों से निकल रहे हैं और दिन में उनकी उड़ान नजर आती है तथा शाम ढलने से पहले ही वे घरौंदों को लौट जाते हैं। इस तरह आम तौर पर सड़कों के बीच ठिकाना बनाने वाले आवारा पशु और श्वान भी अब ठंड होते ही इधर उधर आसरा ढूंढ रहे हैं। हां बंदर जरूर जंगलों से शहर का रुख कर रहे हैं। सर्दियों में पांच बजते ही शाम घिरने के साथ जिंदगी सिमटने लगती है। इसके चलते बाहर से आने वाले लोगों को जहां ठंड में जल्द घर लौटने की जल्दी रहती है, वहीं शहर के बाजारों में छह सात बजे से ही रौनक गायब होने लग रही है और नौ दस बजे तक तो काफी हद तक सन्नाटा नजर आ रहा है। दिन में भी गर्म कपड़े लपेटे लोग ठंड से जूझते नजर आते हैं। शाम को अलाव जलने से चौराहों पर लोगों ने थोड़ा सुकून महसूस किया है। कोहरे का असर सड़क और रेल यातायात पर पड़ रहा है। नौचंदी एक्सप्रेस फिर साढ़े छह घंटे विलंब से चली वहीं इंटरसिटी दो घंटे विलंब से यहां पहुंचीं। अन्य रेलगाड़ियां भी कोहरे के कारण काफी देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार 26 और 27 दिसंबर को पश्चिमी हिमालय में हल्की बारिश और हिमपात संभव है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक या दो स्थानों पर कोल्ड डे से लेकर अत्यधिक कोल्ड डे की स्थिति संभव है। पूरे उत्तर पश्चिमी भारत में उत्तर पश्चिम से ठंडी हवाएं चल रही हैं। निचले क्षोभमंडलीय स्तरों पर बढ़ी हुई नमी, हल्की हवाएं और कम तापमान के कारण कोहरा छाया हुआ है। 24 घंटे के बाद हवाओं की गति बढ़ सकती है, जिससे कोहरे के घनत्व में कमी आएगी। कम से कम अगले दो से तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे बने रहने की उम्मीद है। दो बैक-टू-बैक पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालय तक पहुंचने की उम्मीद है। पहला 26 और 27 दिसंबर को होगा और दूसरा 30 दिसंबर के आसपास होगा। लेकिन हम बारिश के मामले में दिल्ली और एनसीआर सहित उत्तरी मैदानी इलाकों पर इन पश्चिमी विक्षोभों के कोई महत्वपूर्ण प्रभाव की उम्मीद नहीं है। उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय पड़ रहा घना कोहरा अभी 25 दिसंबर तक जारी रह सकता है। इसकी चेतावनी मौसम विभाग की ओर से जारी की गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की ओर से जारी चेतावनी में महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और आसपास के इलाकों में कोल्ड डे और कुछ जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक यह स्थिति 25 दिसंबर की सुबह तक बने रहने के आसार हैं।

कोविड : हल्के बुखार को भी हल्के में न लें

▶ खांसी-जुकाम को न सम-झें सामान्य, कराएं तुरंत जांच
▶ मास्क व दो गज की दूरी का पालन करने की सलाह

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए यहां भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। हालांकि अभी तक कोविड के मरीजों की संख्या बहुत कम है। लेकिन एहतियातन स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया। लोगों को शासन की कोविड गाइड लाइन से चिकित्सक अवगत करा रहे हैं और मास्क व दो गज की दूरी रखने की सलाह दे रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खतौली के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार ने बताया कि सर्दी के मौसम में हल्का खांसी जुकाम व बुखार होने पर फौरन चिकित्सक की सलाह लें, इसे हल्के में न लें और मास्क व सेनेटाइजर का इस्तेमाल करते रहें। उन्होंने बताया कि कोविड की जांच के लिए अभी उन्हें कोई आदेश नहीं मिले हैं। अस्पताल में कोविड मरीजों को भर्ती करने के लिये पर्याप्त बैड हैं। अभी तक कोविड का कोई मरीज स्वास्थ्य केन्द्र में नही आया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। शासन स्तर पर गाइड लाइन जारी कर लोगों को एहतियातन मास्क लगाने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में कोविड के मरीजों के उपचार की पूरी व्यवस्था है। अस्पताल में पीपीई किट व ऑक्सीजन की भी व्यवस्था है। अगर अस्पताल में कोविड का मरीज आता है, तो उसे भर्ती करने में कोई परेशानी नहीं होगी। शासन से लोगों की कोविड जांच करने के निर्देश मिलते ही यहां जांच शुरू कर दी जायेगी। डॉ. अवनीश ने बताया कि फिलहाल नागरिक सर्दी में होने वाली खांसी, जुखाम और बुखार को हल्के में न लें और न ही घरेलू उपचार करें। ऐसे में मरीज तुरन्त चिकित्सक की सलाह लें। मास्क पहनें व भीड़ वाले क्षेत्र में जाने से बचें, इसके अलावा गर्म पानी का इस्तेमाल करें। सर्दी में घर से बाहर न निकले घर पर ही रहकर अपना कार्य निपटायें। डॉ. अवनीश ने कहा कि फिलहाल कोरोना वायरस से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि किसी व्यक्ति को बुखार खांसी ठीक नहीं हो रहा है तो तुरंत कोविड जांच करवाएं, ताकि समय रहते बीमारी का पता लगाया जाए और उपचार शुरू किया जा सके।

सीएम योगी ने फेस मास्क के लिए जागरूक करने के दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि कोविड को लेकर हर स्तर पर सावधानी बरती जाए। नए वैरिएंट पर नजर रखें। नए केस की जीनोम सिक्वेसिंग कराई जाए। लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाने, एहतियाती खुराक लगवाने और उसकी उपयोगिता केबारे में जागरुक किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी। वह बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड प्रबंधन के लिए गठित टीम 9 के साथ कोविड की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

चरण सिंह जयंती पर उन्नतशील किसान सम्मानित

राष्ट्रीय किसान दिवस... नुमाइश मैदान पर हुआ किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन, मंत्री कपिल देव ने बताई सरकार की उपलब्धियां

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण योजनान्तर्गत किसान मेला और गोष्ठी का आयोजन नुमाईश पंडाल में किया गया, जिसमें कृषि एवं कृषि से संबंधित समस्त सहयोगी विभागों की ओर से अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित प्रदशर्नी लगाई गई।

कार्यक्रम में कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी तथा किसानों की समस्याओं का निदान किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल व डीएम चंद्र भूषण सिंह ने मेले का अवलोकन करने के साथ दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप कृषि निदेशक आरपी चौधरी ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं शाल उढाकर सम्मानित किया। कृषि विभाग से जुड़ी योजनओं की जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक आरपी चौधरी बताया कि प्रत्येक वर्ष भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह जी के जन्म दिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है और कृषि से जुड़े विभागों के जिला व विकास खंड स्तर पर अधिक उत्पादन करने वाले कृषकों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया जाता है। कृषि विभाग द्वारा गेहॅं एवं धान, दलहन व तिलहन फसल में तथा उद्यान विभाग के द्वारा सब्जी, बागवानी एवं फूलों की खेती पर अधिक उत्पादन करने वाले किसानों व पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन, मुर्गी, बकरी, सुकर पालन के कृषकों को सम्मानित किया। डीएम ने किसानों की उपस्थिति पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए उन्हें जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह देते हुए कृषि निवेश को जैविक उत्पादकों की बिक्री हेतु मार्किट लिंकिज कराए जाने की सलाह दी।

फोटो बुलेटिन — दीप प्रज्ज्वलित करते मंत्री कपिल देव व राकेश टिकैत व किसान को सम्मानित करते अतिथि।

ऐसे मिले पुरूस्कार...

कृषि के जिला स्तर पर 3 प्रथम पुरूस्कार, 3 द्वितीय पुरूस्कार व विकास खंड स्तर पर 27 कृषकों, उद्यान विभाग से जनपद स्तर पर 2 कृषकों, गन्ने विभाग से जनपद स्तर पर 4 प्रथम एवं 4 द्वितीय, मत्स्य विभाग से जनपद स्तर से 2 प्रथम एवं पशुपालन विभाग से जनपद स्तर पर 4 प्रथम एवं 4 द्वितीय पुरूस्कार एवं विकास खंड स्तर पर 9 कृषकों को शाल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकास खण्डों के ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित फार्म मशीनरी बैंक के लाभार्थी कृषकों को यंत्र व ट्रैक्टर चाबी देते हुए सम्मानित किया।

अन्नदाता के अग्रदूत चरण सिंह का भावपूर्ण स्मरण

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने चौधरी चरण सिंह को अन्नदाताओं का अग्रदूत बताते हुए किसानों के मसीहा बनकर उनकी आवाज बुलंद करने पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

इस अवसर पर आयोजित सभा में पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि देश के किसानों की दुःखी आवाज को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसानों का मसीहा बनकर देश की प्रमुख आवाज बनाकर उनके कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किये। पूर्व सांसद कादिर राणा ने उनके द्वारा किसानों के सम्मान के लिए उठाए मुद्दों पर याद करते हुए नमन किया। सपा नेता राकेश शर्मा ने किसान मसीहा के जीवन संघर्ष को नमन करते हुए कहा कि तत्कालीन देश के अन्नदाताओं के बदतर हालात को पूर्व प्रधानमंत्री ने समझा तथा उनकी लड़ाई को हमेशा किसान व ग्रामीण परिवेश से जुड़कर लड़ा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष इलम सिंह गुर्जर, सपा नगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी, मीडिया प्रभारी साजिद हसन, पूर्व प्रमुख विनय पाल, सोमपाल सिंह भाटी, महासचिव जिया चौधरी, सपा नेता शौकत अंसारी, सलीम मलिक, शमशेर मलिक, शलभ गुप्ता एडवोकेट, सतबीर त्यागी, डॉ. नूरहसन सलमानी आदि मौजूद रहे।

हवन पूजन कर किसान मसीहा को किया याद

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर शुक्रवार को रालोद कार्यालय समेत जिले में विभिन्न स्थानों पर हवन पूजन का आयोजन किए जाने के साथ उन्हें नमन किया गया। इस कड़ी में रालोद कार्यालय पर हवन के बाद विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने चौधरी साहब की मूर्ति पर किसान का मेला में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रालोद कार्यालय पर विचार गोष्ठी के आयोजन में जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, प्रदेश संगठन महासचिव अजीत राठी, पूर्व मंत्री धर्मवीर सिंह बालियान, कृष्णपाल राठी चेयरमैन ने संयुक्त रूप से चौधरी साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक विचारधारा बताया जो गांव गरीब कमेरे किसान की बात करती है, सबसे निचले तबके के उत्थान की बात करती है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग करते हुए कहा कि आजाद भारत में उनसे बड़ा गांधीवादी नेता कोई नहीं हुआ जिसने आजादी की लड़ाई और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र बचाने के लिए जेल यात्रा की और सरकारी अत्याचार के विरोध में सत्याग्रह के द्वारा लड़ाई लड़ी। इस दौरान बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फोटो बुलेटिन — किसान दिवस के अवसर पर कार्यालय पर हवन में आहुति देते रालोद जिलाध्यक्ष व अन्य नेता-कार्यकर्ता।

फोटो बुलेटिन — बच्चों को उपहार बांटती सेंटा फेरी व -यीशु जन्म का प्रदर्शन।

आइडियल किड्स में क्रिसमस और नव वर्ष की दिखी उमंग

मदर मरियम की -ांकी रही आकर्षण का प्रमुख केंद्र

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल में क्रिसमस एवं नववर्ष के उपलक्ष में एक रंगारंग कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, जिसमें सभी बच्चों ने अपनी अपनी मैडम के साथ भरपूर आनंद उठाया।

सेंटा फेरी बने नन्हे मुन्ने बच्चे सभी का मन मोह रहे थे। बच्चों ने सिल्वर बेल, जिंगल बेल, वेलकम न्यू ईयर, व्हाइट क्रिसमिस, विश यू मैरी क्रिसमस आदि गीतों की प्रस्तुति कर सभी के मन को मोहित किया एवं एक दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार भी किया। इस वर्ष अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों के साथ मिलकर बनाई गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही, जिसके माध्यम से मदर मरियम के साथ बालक प्रभु यीशु के जन्म को दर्शाया गया। आइडियल किड्स के निदेशक पी.के. जैन ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें भारतीय संस्कृति से अवगत कराना स्कूल का मुख्य उद्देश्य है। इंचार्ज नीता अग्रवाल ने बच्चों को क्रिसमस के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

मारपीट के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज

कैराना, 23 दिसम्बर (बु.)। युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मौहल्ला बिसातियान निवासी मोहसिन ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 20 दिसंबर की रात करीब सवा दस बजे उसका भाई घर के बाहर गया था। आरोप है कि तभी सायान निवासी मोहल्ला खैलकलां, राहत निवासी मोहल्ला आलखुर्द, उवेस, टाट्री निवासीगण मोहल्ला आलदरम्यान, आलिम निवासी मोहल्ला इकरामपुरा व आमिर निवासी मोहल्ला आर्यपुरी ने उसके भाई के साथ में लात-घूंसों से मारपीट की, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

शराब और यूरिया समेत एक गिरफ्तार

कैराना, 23 दिसम्बर (बु.)। चैकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध अपमिश्रित शराब व यूरिया समेत एक आरोपी गिरफ्तार किया। शुक्रवार को रामड़ा बाईपास पर पुलिस चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से पांच लीटर अपमिश्रित शराब खाम व 200 ग्राम यूरिया खाद बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नफीस निवासी गांव ढकरानी थाना विकास नगर जनपद देहरादून बताया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

पुलिस ने काटे 162 वाहनों के चालान

शामली, 23 दिसम्बर (बु.)। एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान शुक्रवार को यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 162 चालान काटे। शुक्रवार को यातायात प्रभारी संजय राणा के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाकर वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान बिना हेलमेट के 94, बिना सीट बैल्ट के 42, ट्रिपल राइडिंग में 13, नो पार्किंग में 3, नो डीएल के 4, ओवरहाइट के 4, अन्य उल्लंघन के 3, रिफ्लेक्टिव टेप के 2 चालान काटे गए। यातायात प्रभारी संजय राणा ने बताया कि यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में विचार गोष्ठी

'सकारात्मक दृष्टिकोण का जीवन पर प्रभाव' विषय पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के सभागार में "आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं श्री ब्रह्माकुमारी सेंटर मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'सकारात्मक दृष्टिकोण का जीवन पर प्रभाव' (रूहानी सम्बोधन) रहा। विचार गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी तोषी दीदी व ब्रह्माकुमारी तनु दीदी, मुकुल दुआ एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. सौरभ जैन (आईक्यूएसी समन्वयक) डा. रवि अग्रवाल, एकता मित्तल, डा. अमित कुमार द्वारा माँ सरस्वती वंदना कर किया गया।

सर्वप्रथम मुकुल दुआ ने अपने वक्तव्य में योग एवं यौगिक शिक्षा का महत्व छात्र/छात्राओं को बताया। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों से बच्चों में चरित्र का निर्माण होता है एवं समाजीकरण की भावना का विकास होता है। तत्पश्चात मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी तनु दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि भौतिक शिक्षा के बजाय मानव को नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है, जिससे उसमें नैतिकता आयेगी। नैतिक मूल्यों की कमी ही समाज की हर समस्या का मूल कारण है। ब्रह्मकुमारी तोषी दीदी ने कहा कि अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाने के लिए ज्ञान की आवश्यकता है। प्राचार्या डा. सचिन गोयल ने वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज में व्यक्ति दो चीजों से पहचाना जाता है, पहला ज्ञान और दूसरा उसका नैतिक व्यवहार। सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। डा. सौरभ जैन (आईक्यूसी समन्वयक) ने वक्ताओं एवं प्राचार्य जी का आभार करते हुए प्रतीक चिन्ह भेंट किये। विचार गोष्ठी को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र और छात्राओं का योगदान रहा।

फोटो बुलेटिन — गोष्ठी में वक्ताओं को सम्मानित करतीं ब्रह्मकुमारी दीदी।

'हेरिटेज इंडिया क्विज' प्रतियोगिता में एसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों का चयन

सीबीएसई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जीत को लेकर मनाया गया जश्न

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित' हेरिटेज इंडिया क्विज' में चयनित होकर विद्यालय, परिवार के साथ-साथ अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत सीबीएसई, शिक्षा विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, योग, मार्शल आर्ट्स, ऐतिहासिक भवन, भारतीय लोक नृत्य, लोकगीत, स्थापत्य कला, हस्तशिल्प आदि विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए थे। एसडी पब्लिक के मेधावी विद्यार्थी अनन्या शाह 11सी+, अनवी गुप्ता 11सी+, अवनी त्यागी 11सी+ ने 15 नवंबर 2022 को आयोजित प्रतियोगिता में फर्स्ट राउंड जीतकर सेकंड राउंड में अपना स्थान निश्चित किया।

क्विज का सेकंड राउंड 22 दिसंबर 2022 को देहरादून में आयोजित हुआ। तीनों विद्यार्थियों ने सेकंड राउंड के फर्स्ट फेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 टीमों में अपना सम्मानजनक स्थान बनाया। यह प्रतियोगिता दून इंटरनेशनल स्कूल देहरादून में आयोजित हुई थी, जिसमें लगभग 30 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। अनन्या शाह, अनवी गुप्ता, अवनी त्यागी की इस उपलब्धि पर विद्यालय अत्यंत गौरवान्वित अनुभव करता है। विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना तथा प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने मेधावी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसडी पब्लिक परिवार बच्चों के शानदार प्रदर्शन से अत्यंत प्रसन्न होकर उन्हें शुभकामना प्रेषित करता है।

किसान दिवस-छोटूराम कॉलेज में विचार गोष्ठी

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। चौ. छोटूराम महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह के जन्म दिवस को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. नरेश कुमार मलिक की अध्यक्षता में सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने किसानों के मसीहा चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विचार गोष्ठी में प्राचार्य ने लोगों को चौ. चरण सिंह के जीवन, कृतित्व से अवगत कराते हुए बताया कि इन्होंने किस तरह से किसानों के हित में कार्य किया। संचालन प्रो. डॉ. ओमवीर सिंह ने किया। डॉ. मेजर विजय कुमार ढाका, डॉ. गिरिराज सिंह व अनुज कुमार छात्र ने चरण सिंह पर विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. आईडी शर्मा, अभिषेक सिंह, डॉ. जॉनी कुमार,सभी वॉलिंटियर्स का विशेष योगदान रहा।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- रसकट ढैया-940-965, चाकू 1100-1265, लड्डू 1100-1240, खुरपापाड़ 1110-1120, शक्कर मसाला 1275-1285। आमद-7,000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-
सोना- 53,600 चांदी-65,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,100

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 24 दिसंबर, 2022

मेष- अभीष्ट कार्यों में सफलता, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद सुलभ, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, यश-मान-सम्मानपरक कृत्य संपन्न, धनागम में अनुकूलता।
वृषभ- स्वास्थ्य प्रतिकूल, व्यापारिक गतिरोध, मानसिक अशांति, व्यय की अधिकता, स्वजनों से अनबन, दूसरों की गलतफहमी के शिकार, यात्रा असफल।
मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, आत्मसंयम से कार्यों में सफलता, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, संत समागम, आवागमन में अनुकूलता, प्रसन्नता।
कर्क- दिन शुभ, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, स्वाध्याय रुझान, योजना जागृत, कार्यक्षमता में वृद्धि, विवाद समापन पर, मनोविनोद के सुअवसर।
सिंह- भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, स्वास्थ्य में अनुकूल सुधार, विरोधी परास्त, आहार-विहार में नवीनता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, नवसम्पर्क उपयोगी।
कन्या- एकाग्रता का अभाव, कार्यसिद्धि में कठिनाइयां, राजकीय पक्ष से उलझनें, धन का अभाव, जीवन साथी के कुछ कष्ट, वाहन से परेशानी, विचारों में उग्रता।
तुला- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, आत्मबल में वृद्धि, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, मन प्रसन्न, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पूँजी का प्रतिफल, यात्रा सुखद।
वृश्चिक- स्वास्थ्य सुधार की ओर, व्यापारिक लाभ का मार्ग प्रशस्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, हर्षोल्लास का वातावरण, परोपकार की भावना जागृत।
धनु- दिन शुभ, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, विवादास्पद मसला सुलझने को, धर्म में आस्था, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, संत समागम।
मकर- योजना अधूरी व्यावसायिक निराशा, विरोधी प्रभावी, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, मित्रों से तनाव, राजकीय पक्ष से उलझनें, सूझबूझ अपेक्षित।
कुम्भ- परिस्थितियां सुधार पर आत्मबल में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, विकास का मार्ग प्रशस्त।
मीन- ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, सुपरिचितों से विचार-विमर्श, कार्य-व्यवसाय में बाधा समाप्त, विवाद के समापन से खुशी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

विदेशी पक्षियों के बीच पहुंच छात्रों ने देखे कुदरत के रंग

हैदरपुर वेटलैंड में छात्र-छात्राओं ने भ्रमण कर लिया विदेशी पक्षियों के कलरव का आनन्द

रामराज, 23 दिसंबर (बु.)। 'विश्व प्रकृति निधि भारत' (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने रामराज क्षेत्र के हैदरपुर वेटलैंड का भ्रमण कर देशी-विदेशी पक्षियों के कलरव का आनन्द लिया। विद्यालय के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रामराज क्षेत्र के हैदरपुर वेटलैंड में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन विश्व प्रकृति निधि की वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नीरा चौधरी द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान नीरा चौधरी ने शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को रामसर साइट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि इसका नाम ईरान के रामसर शहर के नाम पर रखा गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि है, जिसे वर्ष 1971 में यूनेस्को द्वारा स्थापित एक अंतर सरकारी पर्यावरण संधि आर्द्रभूमि के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने इस भ्रमण के दौरान बच्चों को गंगा-डॉल्फिन, प्रवासी एवं अप्रवासी पक्षियों के बारे में भी बताया। बच्चों ने हजारों किलोमीटर का सफर तय करके आये प्रवासी पक्षियों को जमकर निहारा व उनके कलरव का आनन्द लिया तथा वन्यजीवों के संरक्षण की शपथ भी ली।

विद्यालय के प्रबंधक राजेश शर्मा ने कहा कि हम सभी को हमेशा वन्य एवं जलीय जीवों के संरक्षण के लिए तत्पर रहना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने भी बच्चों को हैदरपुर वेटलैंड के बारे में जानकारी दी। विभिन्न प्रजाति के पक्षियों को विचरण करते देखकर बच्चे इस भ्रमण से अति उत्साहित नजर आये। बता दे कि गंगा बैराज पर स्थित हैदरपुर वेटलैंड में बनी झील में बहुत सारे विदेशी पक्षी भी सर्दी में निवास के लिए आते हैं। बच्चों ने दूरबीन की सहायता से विभिन्न पक्षियों को देखा और उनके बारे में अनेकों जानकारियां प्राप्त की। प्रकृति को इतने करीब से देखकर बच्चे बहुत प्रफुल्लित हुए तथा सभी बच्चों ने प्रकृति की सुंदरता को बनाए रखने के लिए शपथ ली।

इस अवसर पर प्रताप सिंह, पूनम शर्मा, गीता शर्मा, फिरोज खान, कपिल कुमार, संगीता चौधरी, बुलबुल चौधरी, प्रदीप कुमार, शालिनी धीमान, ज्योति शर्मा, ज्योति प्रजापति, शोएब अंसारी एवं मुगीस उल इस्लाम आदि अध्यापकों ने इस भ्रमण की व्यस्था में अपना सहयोग दिया।

फोटो बुलेटिन — हैदरपुर वेटलेंड में भ्रमण के लिए पहुंची छात्राओं का ग्रुप।

औद्योगिक भ्रमण कर विद्यार्थियों ने जाना टिंकरिंग लैब का काम

आईआईटी रुड़की के टूर पर गये श्रीराम के विद्यार्थियों ने अर्जित किया ज्ञान

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों ने औद्योगिक टूर में आईआईटी रुड़की का भ्रमण किया, जिसमें छात्रों ने टिंकरिंग लैब की बारे में जानकारी प्राप्त की। टिंकरिंग लैब में छात्रों ने विभिन्न प्रकार की आधुनिक तकनीकी पर आधारित मषीनों के संचालन की प्रक्रिया तथा उनके द्वारा बनाये जाने वाले उत्पादों के बारे में समझा जिससे छात्रों को भविष्य में नये आविष्कार करने में मदद मिलेगी। टिंकरिंग लैब के बारे में विषेषज्ञ प्रोफेसर ने छात्रों को परिचित कराया तथा इस क्षेत्र में नई-नई तकनीकियों की जानकारी दीं एवं जीवन में उनके उपयोग के बारे में बताया। आईआईटी रुड़की की विषेषज्ञ टीम ने छात्रों को नये स्टार्टअप प्रारम्भ करने के लिये प्रोत्साहित किया तथा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानने एवं उनका लाभ उठाने के लिये जागरूक किया। छात्रों के इस औद्योगिक टूर पर इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष इं. रोहिताश सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उन्हें इस प्रकार के भ्रमण अन्य औद्योगिक स्थानों पर भी कराने हेतु आश्वस्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता एवं डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी ने छात्रों को भविष्य में इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण पर जाने एवं उससे जीवनोपयोगी व्यवहारिक बातें सीखने के लिये प्रेरित किया। चेयरमेन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों को नये-नये स्टार्टअप एवं इनोवेशन करते रहना चाहिये। छात्रों के साथ भ्रमण पर जाने वाले इलैक्ट्रिकल विभाग के इं. विवेक अहलावत, इं. अर्जुन कुमार तथा सिविल इं. विभाग के इं. निशु भारद्वाज भी उपस्थित रहे।

गौरक्षा वाहिनी ने मनाई चरण सिंह की जयंती

टाउनहाल स्थित प्रतिमा को कराया गया स्नान, साफ सफाई भी की गई

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। किसानों के मसीहा के रूप में प्रसिद्ध पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर आरएसएस गौरक्षा वाहिनी के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ भाजपा नेता समित सैन द्वारा टाउन हॉल स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को स्नान कराने के साथ ही सफाई अभियान चलाया और इसके बाद माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा सरकार मंडल अध्यक्ष संजय चौधरी रहे। भाजपा नेता समित सैन ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की उनका जन्म 23 दिसंबर 1902 को हुआ था। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में किसानों के हित की लड़ाई लड़ते रहे तथा उद्योग जगत को ऐसी दिशा सोच दी कि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके। मुख्य रूप से आरएसएस गौरक्षा की जिला संयोजक संगीता पंवार, जिला उपाध्यक्षा बबली राणा, गौरक्षा जिला उपाध्यक्ष व सलाहकार सन्नी, कार्यकारिणी अध्यक्ष व सोशल मीडिया प्रभारी अरहम, संगठन महामंत्री व प्रवक्ता गुलबहार, मीडिया प्रभारी व प्रभारी अभिनव चौहान, महामंत्री नमिता जौहरी, प्रचार मंत्री सुबलेश पाल, कोषाध्यक्ष बॉबी, संगठन मंत्री शिवम चौहान, मन्नू, आशीष, तुषार उपाध्याय, निशांत, साबिद, शुभम, अभिषेक सैनी आदि मौजूद रहे।

फोटो बुलेटिन — चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता।

चिल्ड्रन एकेडमी के रंगारंग कार्यक्रम में चहके नन्हें विद्यार्थी

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। आज शुक्रवार को चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में कक्षा प्ले व नर्सरी के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता व रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या कमलेश शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूनम शर्मा जी ने कहा रंगारंग कार्यक्रम में बच्चे अपनी भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को निखारते हैं, जिससे बच्चो में आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम अध्यक्ष मेघा आहूजा ने कहा स्पोर्ट्स कार्यक्रम एक ऐसा समारोह है, बिना बंधन के बच्चे अपनी इच्छानुसार अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए आनंद का अनुभव करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अनेक प्रकार से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जैसे दीप प्रजवलन, स्वागत गान, क्लैप हैंड, चेयर गेम, फ्रॉग जंप, रैबिट जंप, हैंड एंड शोल्डर, कलेक्ट एंड काउंट द बॉल्स, म्यूजिकल चेयर, सिंपल रेस, चंदा मामा बारु, रॉप पुलिंग, ग्लास पिरामिड, लेमन स्पून रेस, फिल द बॉटल, एक्शन सॉन्ग, रोली पोली, डांस आदि करके बच्चो ने मनमोहक समा बांध दिया। अन्त में प्रधानाचार्या कमलेश शर्मा ने सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यावाद दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सविता मैडम व सपना मैडम ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता, सीमा, पूजा, उर्वशी आदि व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

फोटो बुलेटिन — प्रतिभागी बच्चों के साथ रहकर उनका हौसला बढ़ातीं उनकी माताएं तथा कार्यक्रम में मौजूद अतिथीगण।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

ओमिक्रॉन सबवेरिएंट बीएफ.7

कोरोना का ओमिक्रॉन सबवेरिएंट बीएफ.7, जिसे चीन में बढ़ते कोविड के मामलों के लिए ज़िम्मेदार माना जा रहा है, उसके तीन मामले भारत में भी पाए गए। पहला बीएफ.7 का मामला अक्टूबर में गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में सामने आया था। अभी तक गुजरात से दो और ओडिशा से एक मामला सामने आया है। गुजरात के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि जिन दो लोगों में ये सबवेरिएंट पाया गया था, वो अब ठीक हो चुके हैं। जब भी कोई वायरस म्यूटेट करता है तो एक नई कैटेगरी या सब कैटेगरी शुरू कर देता है। बीएफ.7 कुछ और नहीं बल्कि पहले आ चुका बीए.5.2.1.7 ही है। ये ऑमिक्रोन के सबवेरिएंट बीए.5 ही से म्यूटेट यानी टूट कर बना है। इसे अपने वास्तविक वेरिएंट से चार गुना अधिक प्रतिरोधक क्षमता वाला वायरस बताया गया है। जिसका अर्थ ये है कि लैब में संक्रमित या वैक्सीनेटेड मनुष्य की, बीएफ.7 को समाप्त करने की क्षमता काफी कम है। ये क्षमता वुहान वायरस से भी कम है। माना जा रहा है कि इसी सबवेरिएंट के कारण इस वक़्त चीन में संकट गहराता जा रहा है। इस वेरिएंट में संक्रमण की क्षमता बहुत मजबूत बताई जा रही है। कुछ खबरों के मुताबिक ये सबवेरिएंट पहले से संक्रमित लोगों या वैक्सीन लिए लोगों को भी संक्रमित कर सकता है। सबसे चिन्ताजनक बात यही है। इस सबवेरिएंट के मामले कई देशों में पाए गए हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस और डेनमार्क जैसे देश शामिल हैं। अक्तूबर में अमेरिका में आए कुल संक्रमण के मामलों में बीएफ.7 के 5 फीसदी जबकि ब्रिटेन में 7.26 फीसदी मामले थे। पश्चिमी देशों में वैज्ञानिक इस वेरिएंट पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं, लेकिन इसकी वजह से इन देशों में संक्रमण के मामलों में बढ़ने में कोई तेजी नहीं देखी गई है। जनवरी 2022 में कोरोना संक्रमण के जो मामले पाए गए थे उनमें ओमिक्रोन के सबवेरिएंट बीए.1 और बीए.2 अधिक थे। इसके बाद बीए.4 और बीए.5 जैसे सबवेरिएंट भी आए, लेकिन वो भारत में उस तरह से हावी नहीं रहे जैसे यूरोपीय देशों में थे। चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद भारत में केंद्र सरकार ने सावधानी बरतने के लिए कहा है। कोविड पर नैशनल टास्क फोर्स के प्रमुख वीके पॉल ने कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और पर्याप्त टेस्ट किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि वो भीड़ में मास्क पहनें। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में कोरोना की स्थिति को लेकर वरिष्ठ अफसरों और विशेषज्ञों के साथ एक बैठक की है। बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट किया है कि कोविड अभी तक खत्म नहीं हुआ है। सभी को सचेत रहने और मजबूत तरीके से निगरानी करने को कहा गया है। हम किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार हैं। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल्स लैब्स में भेजने के लिए कहा है ताकि वेरिएंट और सबवेरिएंट के बारे में पता लगाया जा सके। चीन के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ट्रेडोस ने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन चीन में सबसे अधिक रिस्क पर पहुँच चुके लोगों के वैक्सीनेशन पर फोकस कर रहा है, लेकिन हालात का सही आंकलन करने के लिए हमें और अधिक जानकारी चाहिए, ताकि अस्पतालों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सके। चीन की सरकार न जाने क्या कर रही है। चीन के अमीर लोग और प्रसिद्ध लोग भी निराशाजनक ट्वीट कर रहे हैं। उनके ट्वीट से वहां का अंदाजा होता है। चीन में रोज कोरोना के 10 लाख केस मिल रहे हैं। हुबेई, चेंदू और बीजिंग के हॉस्पिटल मरीजों से भर गए हैं। लोग लंबी कतारों में खड़े हैं। कई शहरों में दवाओं की कमी हो चुकी है। बुखार में काम आने वाली दवाएं भी नहीं हैं। इससे लोगों को इलाज नहीं मिल रहा। एक युआन में मिलने वाले इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन के लिए लोग 10 से 100 गुना तक ज्यादा कीमत चुका रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें वक़्त पर इंजेक्शन नहीं मिल रहा है। महंगी दवाओं की वजह से कई लोग इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। कोरोना से हालात बिगड़ने के बावजूद चीन सरकार ने एयर ट्रैवल पर कोई गाइडलाइंस जारी नहीं की हैं। कोई पाबंदी न होने से चीन के लोग जापान, ताइवान, थाईलैंड, यूरोपीय देश और अमेरिका जा रहे हैं। 2019 में कोरोना की शुरूआत में भी यही हुआ था। लोग चीन से दूसरे देशों में गए और वहां संक्रमण के मामले मिलने लगे। एयर ट्रैवल पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भी गाइडलाइंस जारी नहीं की है। एक चीनी फिल्म एक्टर भी अपनी मां को दवाएं नहीं दिला पाए। कई जगह जरूरी दवाओं की कीमत 200 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। लोग अपने मरीज का बुखार कम करने के लिए एक गोली के लिए 50 युआन तक दे रहे हैं। चीन के लोग दवाएं न मिलने की वजह से सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। वे अपनी कहानियां भी शेयर कर रहे हैं।

चीन के सोशल मीडिया यूजर्स कह रहे हैं कि सरकार उन लोगों को अरेस्ट क्यों नहीं करती है, जो ज्यादा कीमत में दवाएं बेच रहे हैं? एक यूजर ने लिखा है कि मैं एक महीने में जितना कमाता हूँ, वह इलाज और दवा पर खर्च करने के बराबर नहीं है। हर कोई मौत से डरता है। ये बीमारी बहुत दर्दनाक है और दवाएं समस्या। हमारे गांव के ज्यादातर लोग जान बचाने वाली दवाएं नहीं खरीद सकते। पाबंदियां हटाए जाने के बाद चीन के ज्यादातर रीजन में कोविड इन्फेक्शन अचानक बढ़ गया है। ये सर्वे 517 लोगों पर किया गया। इनमें 73 प्रतिशत मेल थे। इनमें 35 प्रतिशत की उम्र 31 से 50 साल के बीच है। सर्वे में शामिल 50.3 प्रतिशत लोग संक्रमित मिले। इनमें से 49.4 प्रतिशत को दिसंबर में संक्रमण हुआ है। दुनियाभर में कोविड मामलों में बढ़ोतरी ने निवेशकों को डरा दिया है, जिस कारण मार्केट में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। निफ्टी की कल गैप डाउन ओपनिंग हुई थी और ये 18000 के लेवर से नीचे चला गया। निफ्टी मिडकैप 100 में 4 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है। पीएसयू बैंकों, मेटल, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा बिकवाली देखी गई है। बाजार में और कमजोरी आ सकती है।

राज्यमंत्री, पूर्व सांसद ने किया चौधरी साहब को माल्यार्पण

-विभिन्न राजनीतिक दलों ने किया जन्म दिवस पर उन्हें नमन

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर शुक्रवार को देशभर के साथ जनपद मुख्यालय व गांव देहात तक किसान मसीहा व पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा के साथ याद किया गया। इस बीच नगर के बीच पालिका परिसर स्थित चौ. चरणसिंह की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व अन्य संगठनों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया और उनके सपनों को साकार करने के साथ किसान हितों में उठाए गए कार्यो को स्मरण करते हुए उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया गया। टाउनहाल परिसर स्थित चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर शुक्रवार को प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कंसल, राजीव गर्ग, अचिंत मित्तल, संजय गर्ग, बिजेन्द्र पाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने नमन किया। वहीं पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने सभासद अरविंद धनगर, पालिका लिपिक तनवीर आलम, मनोज पाल, प्रियेश कुमार और पालिका के प्रधान लिपिक ओमवीर सिंह ने अलग-अलग पहुंचकर चौ. चरण सिंह को उनके जन्म दिन पर याद करते हुए मसल्यार्पण किया। दूसरी ओर पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक ने सपा नेता राकेश शर्मा, उमादत्त शर्मा, सलीम मलिक, बिट्टू शर्मा प्रधान, श्यामपाल सिंह चेयरमैन, महेश बंसल समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने इस बीच में चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर पहुंच कर माल्यार्पण किया। इसके अलावा रालोद के कार्यकर्ताओं के अलावा जनपद जाट महासभा की ओर से भी बड़ी संख्या में लोगों ने टाउनहाल परिसर में स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें इस बीच माल्यार्पण करते हुए उनके आदर्शो को जीवन में अपनाए जाने का संकल्प दोहराया।

ई-रिक्शा में ढ़ोए जा रहे हैं स्कूली बच्चे

-हादसों के बाद ही जागता है प्रशासन

जानसठ, 23 दिसम्बर (बु.)। गाजियाबाद में स्कूली बच्चे के साथ हादसा होने के बाद यूपी के स्कूलों के वाहनों की जांच का काम शुरू किया गया था। साथ ही रिक्शा जैसे वाहनों में बच्चों को लाने ले जाने पर प्रतिबंधित कर दिया गया था, लेकिन समय बीतते ही वापस सब कुछ पुराने ढ़र्रे पर चल पड़ा है। अक्सर खराब स्कूली वाहन बच्चों के साथ हादसे का सबब बनते हैं। हादसा होते ही प्रशासन और सरकार एक साथ जागरूक होकर काम शुरू कर देते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद ही व्यवस्था पुराने ढ़र्रे पर चल पड़ती है। कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद में हुए स्कूल बस में एक बच्चे की मौत के बाद सरकार ने सभी स्कूलों के वाहनों की ना सिर्फ जांच कराई बल्कि खराब वाहनों को सीज भी किया। साथ ही ई-रिक्शा व अन्य बिना पंजीकृत वाहनों में बच्चों के ढ़ोने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन धीरे-धीरे सब पुरानी राह पर चल पड़े हैं। कस्बे में एक ई-रिक्शा में दर्जनों बच्चे भरकर ले जाए जा रहे हैं। ऐसे कोहरे में ई-रिक्शा में बच्चों को भरकर ले जाना खतरे से खाली नहीं। स्कूल से ई रिक्शा कोतवाली परिसर में भी बच्चों को उतारने पहुंच गया, लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने उसे रोकने तक की जहमत नहीं दिखाई, जब पुलिसकर्मी ही अपने बच्चों को ऐसे कोहरे में ई-रिक्शा से भेजेंगे, तो आम आदमी कैसे जागरूक होगा।

पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरते ई-रिक्शा में भरे स्कूली बच्चों के साथ कभी भी घने कोहरे के चलते हादसा हो सकता है, लेकिन पुलिस प्रशासन को शायद किसी हादसे का ही इंतजार है।

नलकूप से मीटर उतारकर बिजलीघर में रखे

-किसानों ने एसडीओ व जेई को अपने बीच बैठाया

मीरापुर, 23 दिसंबर (बु.)। भाकियू तोमर के नेतृत्व में किसानों ने बिजलीघर पर हंगामा करते हुए नलकूपो पर जबरन लगाए गए बिजली मीटर उतार कर बिजली घर पर रख दिए तथा धरना प्रदर्शन किया। कुछ दिन पूर्व विद्युत विभाग ने किसानों के नलकूपों पर विधुत मीटर लगाए थे। शुक्रवार को भुम्मा, खेडी, कैथोडा, संभलहेडा आदि गांव के किसानों ने अपने नलकूपों से मीटर उतार कर मीरापुर बिजलीघर पर रख दिए तथा भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अखिलेश चैधरी के नेतृत्व में बिजलीघर पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन ने दौरान भाकियू तोमर द्वारा मांग की गई कि किसी भी नलकूप पर जबरन मीटर न लगाया जाए, नलकूप के खराब पडे.केबल को शीघ्र ठीक कराया जाये, बिजली के बिल मंहगी दरों से न भेजे जाएं, किसानों पर दस हजार रुपए का बिल होने पर उनके नलकूप का कनेक्शन न काटा जाए तथा विद्युत कर्मचारी व अधिकारी किसानों का उत्पीडन बंद करें। भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अखिलेश चैधरी ने चेतावनी दी कि यदि विद्युत विभाग के अधिकारियों ने किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान न किया तो मीरापुर बिजलीघर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान किसानों ने एसडीओ सर्वेश कुमार व जेई महिपाल को अपने बीच बैठा लिया। एसडीओ सर्वेश कुमार ने कहा कि सभी किसानों की समस्या की समस्याओं से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा। इस दौरान अब्दुलाक कुरैशी, समरसिंह चैधरी, सतेन्द्र चैधरी, जमील मलिक, मेहराज, काशिफ, सिराजू, पीयूष चैधरी आदि मौजूद रहे।

स्वामी कल्याण देव कॉलेज बघरा में मनाई गई चरण सिंह जयंती

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज बघरा में चौधरी चरणसिंह जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ कॉलेज निदेशक सुरेन्द्र पाल शर्मा, प्राचार्य डॉ. ब्रज गोपाल शर्मा द्वारा चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कॉलेज निदेशक सुरेन्द्र पाल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौ. चरणसिंह जी को किसानों की आवाज बुलंद करने वाले नेता के रूप में याद किया जाता है। उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है जिन्होंने अपना पूरा ही जीवन किसान हितों में समर्पित कर दिया था। महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में चौधरी चरणसिंह जी के राजनैतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1930 में सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान उन्होंने नमक कानून तोड़ कर गांधी जी का पूर्ण सहयोग किया, जिसमें चरणसिंह जी को 6 माह की सजा सुनायी गयी थी जिसके बाद उन्होंने अपने आप को देश के स्वतंत्रता संग्राम में पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया था। किसान के परिवार से संबंध रखने वाले चौधरी साहब का मानना था कि किसान का जमीन पर मालिकाना हक होने से क्षेत्र की प्रगति हो सकती है। कॉलेज की विज्ञान विभाग प्रवक्ता यतिका कुमारी ने चौधरी चरणसिंह जी के शैक्षिक व राजनैतिक जीवन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अंत में प्राचार्य ने सभी को चौधरी साहब के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शो को अपने जीवन में अपनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दुकान के आवंटन को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

भोपा, 23 दिसंबर (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव में सरकारी राशन की दुकान के आवंटन को लेकर ग्रामीणों ने गांव में हंगामा खड़ा कर दिया । अधिकारियों ने बड़ी ही मुश्किल से ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया। अधिकारियों के द्वारा ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर में सरकारी राशन की दुकान के आवंटन को लेकर ग्राम सभा में खुली बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एडीओ कोआपरेटिव विकास यादव, एडीओ पंचायत सोमदत्त, अवर अभियंता लघु सिंचाई मन्दीप कुमार, ग्राम सचिव उदयवीर सिंह, व ग्राम प्रधान सतवीर सिंह की मौजूदगी में बैठक शुरू हुई । बैठक में राशन दुकान की आवंटन के लिए 2 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पहला आवेदन शक्ति एवं स्वयं सहायता समूह के नाम से आया दूसरा निजामपुर स्वयं सहायता समूह के नाम से आया, जिसके बाद अधिकारियों ने कागजी कार्यवाही करते हुए दोनों आवेदनों को जिले पर भेजने की बात कही, जिस बात पर ग्रामीणों ने हंगामा खड़ा कर दिया। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए अधिकारियों से मत विभाजन के द्वारा राशन की दुकान के आवंटन पर जोर दिया, लेकिन अधिकारियों ने शासनादेश का हवाला देते हुए प्रथम वरीयता स्वयं सहायता समूह को देने की जानकारी दी, लेकिन ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए खुली बैठक पर सवाल उठाते हुए कहा कि फिर खुली बैठक क्यों बुलाई गई, जिस पर अधिकारियों ने शासनादेश का हवाला देते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। इस दौरान ग्रामीण एक दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे ग्रामीणों के हंगामे के दौरान ककरौली थाने के एसआई जोगिंदर सिंह ढिल्लों ने ग्रामीणों को बड़ी मुश्किल से शांत किया। इस अवसर पर तेजपाल पूर्व प्रधान, हेम सिंह, गुलशन, सतवीर, अब्दुल सलाम, शबनम, दिलशाना, रविंदर, आजाद, उमर, इनाम, जाहिद, महेंद्र, विनोद, अनवरी, महकार सिंह, अमित, अंकित आदि मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। वाल्मीकि समाज के लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर 120वीं जयंती मनाई। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे महान किसान नेता थे। उन्होंने जीवन पर्यन्त दलितों, शोषितों, उपेक्षितों और किसानों के लिए जीवन भर सघर्षशील रहे। चौधरी चरण सिंह ईमानदारी की मिसाल थे और सादगी की प्रतिमूर्ति रहे। इसलिए उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए और उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में रहते हुए सत्ता के उच्च शिखर को छुआ और हमेशा गरीबों और दलितों की आवाज बने रहे।

उनको याद करते हुए बताया कि उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा है उनकी सादगी ही पहचान थी। इस दौरान मनोज सौदाई एडवोकेट, नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री मिलन बिडला, मनुप्रिय मजदूर, मास्टर संजीव गहलौत बामसेफ,राजू प्रधान, नरेश नन्दन वाल्मीकि, सोनू बिडला एडवोकेट, डॉ. सुभाष बेनीवाल,नीरज सुधा, आदित्य कुमार, सचिन भगत जी आदि उपस्थित रहे।

पीलिया, खून की उल्टी, लीवर की बीमारी, पेट व आंत की बीमारी, Pancreas व बवासीर के विशेषज्ञ
Dr. MUKUL RASTOGI (सीनियर कन्सलटेंट)
D.M. Gastroenterology & Hepatology.
इस माह की दिनांक 25-12-2022 (दिन - रविवार) को Dr. BANSAL NURSING HOME, निकट महावीर चौक पर मरीज देखेंगे। समय सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक Endoscopy और Colonoscopy की सुविधा उपलब्ध है।
जो मरीज इस सुविधा का लाभ उठाना चाहें, वो निम्न नम्बरों पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।
Ph. No. 0131-2623656, 7417011765
FORTIS
HOSPITAL NOIDA - DELHI
Note : डॉ. हब अगले महीने 22-01-2023 दिन रविवार को बैठेंगे।

जरदार : पैसे वाला
बेदार : जागा हुआ

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"मुफ़लिस" "किरदार" "वक़्त" "क़दम"

कोई मुफ़लिस हो यहां चाहे कोई ज़रदार हो,
बात तो तब है कि जब वो साहिबे किरदार हो।
वक़्त भी करता है उससे हर क़दम पर दोस्ती,
फ़र्ज़ को जो जानता हो नींद से बेदार हो।

शोक सभा

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय
श्री जिनेन्द्र कुमार जैन (अमीर नगर वाले) का
आकस्मिक निधन दिनांक 21 दिसम्बर 2022,
दिन बुधवार को हो गया था। पार्श्व प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 25 दिसम्बर 2022,
दिन रविवार को दोपहर 2 बजे, स्थान : जैन औषधालय,
प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगी।
-शोकाकुल परिवार-
मधु जैन (पत्नी)
प्रवीण जैन-रेखा जैन (भाई-भाभी) वंदना-संजीव जैन (पुत्री-दामाद)
राष्ट्रीय संगठन मंत्री (राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन) नीलम-संदीप जैन (पुत्री-दामाद)
जिला महासचिव - (उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन) रूचि-श्रेयांस जैन (पुत्री-दामाद)
पंकज जैन-नीतू जैन (पुत्र-पुत्रवधु) छाया-आकाश जैन (पुत्री-दामाद)
पुनीत जैन-शैफाली जैन (पुत्र-पुत्रवधु) पलक-मोहित जैन (भतीजी-दामाद)
प्रतीक जैन (भतीजा) पियूष, अपूर्व (पौत्र) अदिति, स्पर्शी, पार्श्वी (पौत्री)
रितिक, अनिकेत, लवण, स्वरित (धेवते), मेघा, कनक, मुस्कान, अनन्या, रेहा (धेवती)
-प्रतिष्ठान-
• जिनेन्द्र एजेन्सीज, 6-प्रेमपुरी, • जैन पुस्तक सदन, 28-कुत्चपुरा
निवास : 6, प्रेमपुरी, निकट जैन कन्या इण्टर कॉलेज, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 9897678317, 9634508877, 9319480164

शाहपुर में किसान मसीहा चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हवन करते व उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करते उनके अनुयायी। -फोटो बुलेटिन

शाहपुर में याद किए गए किसान मसीहा चौ. चरण सिंह

-सैकड़ों ने किया मूर्ति पर माल्यार्पण
-विशाल हवन यज्ञ का आयोजन

शाहपुर, 23 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर मेन चौक स्थित उनकी मूर्ति पर अनुयायियों द्वारा माल्यार्पण कर विशाल यज्ञ आयोजित किया। कस्बे में किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 120 वी जयंती पर रालोद विधानमंडल दल के नेता व क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान के नेतृत्व में मेन चौक पर स्तिथ उनकी मूर्ति के समक्ष विशाल यज्ञ का आयोजित किया गया यज्ञ के यजमान क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान रहे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह एक विचारधारा होने के साथ महान चिंतक थे। उन्होंने हमेशा किसान व मजदूरों के लिए संघर्ष किया। क्षेत्रीय विधायक ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। तत्पश्चात क्षेत्रीय विधायक के अलावा उपस्थित लोगों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर याद किया। इस दौरान वरिष्ठ रालोद नेता रविंद्र राठी, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह बालियान, सत्यवीर सिंह सैकेट्री, सत्येंद्र प्रधान, समाजसेवी हाजी अकरम कल्लू, हाजी इलियास कुरैशी, सुधीर चौधरी पूर्व प्रधान, सत्येंद्र बालियान, सूरेंद्र सिंह पीटीआई आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खाद्य विभाग व व्यापारियों की बैठक सम्पन्न

चरथावल, 23 दिसम्बर (बु.)। खाद्य सुरक्षा विभाग व व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक में अधिकारियों ने व्यापारियों को जहां मिलावटी खाद्य पदार्थों के बनाने व बेचने के प्रति आगाह किया, वहीं व्यापारियों से खाद्य विभाग के नए लाइसेंस बनवाने व नवीनीकरण कराने की भी अपील की।शुक्रवार को नगर के शिवचौक स्थित मेन बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों व व्यापार मंडल पदाधिकारियों की एक संयुक्त सभा सम्पन्न हुई, जिसमें अधिकारियों ने जहां मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने व बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी। वहीं सभी व्यापारियों से खाद्य विभाग के अपने नये लाइसेंस शीघ्र ही बनवा लेने व नवीनीकरण कराने की भी अपील की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों अशोक कुमार गौतम व विवेक कुमार ने व्यापारियों को संयुक्त रूप से जानकारी दी कि खाद्य विभाग के नये लाइसेंस ऑनलाइन भी बनाये जा रहे हैं। अधिकारियों ने लाइसेंस शुल्क के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए नगर में सक्रिय दलालों को लाइसेंस के नाम पर कोई भी पैसा देने से मना किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग, जनेश्वरदास सिंघल भाईजी, संजय शर्मा, बलराम गोयल, मनीष मित्तल सहित अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

अवैध शराब के साथ पकड़ा अभियुक्त, 2 पेटी शराब बरामद

चरथावल, 23 दिसम्बर (बु.)। पुलिस ने ग्राम बलवाखेड़ी स्थित यात्री शेड के पास से एक शातिर अभियुक्त को अवैध हरियाणा मार्का शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए शातिर अभियुक्त का चालान कर जेल भेज दिया है। चरथावल थाना प्रभारी राकेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बिरालसी चौकी प्रभारी जय सिंह नागर ने बलवाखेड़ी नहर पर बने यात्री शेड के पास से अभियुक्त रोहित पुत्र महिपाल निवासी ग्राम बलवा खेड़ी थाना चरथावल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से संतरा मार्का हरियाणा की 2 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी पर इससे पूर्व भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

सम्मेद शिखर को लेकर जैन समाज 25 को करेगा प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। केंद्र व झारखण्ड सरकार द्वारा जैन धर्मावलंबियों के आस्था के गढ़ सम्मेदशिखर जी को वन्य अभ्यारण क्षेत्र पर्यटक क्षेत्र घोषित किए जाने के विरोध में जैन समाज लामबंद होकर आंदोलनरत है। इसी को लेकर समस्त जैन समाज मुजफ्फरनगर में 25 दिसंबर को प्रेमपुरी व नई मंडी से पैदल ही कचहरी पहुंचकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेगा। भारत माता चौक, प्रेमपुरी स्थित जैन अतिथि भवन में जैन समाज की एक बैठक सम्पन्न हुई। इसमें वक्ताओं ने सम्मेद शिखर जी मामले को लेकर की जा रही बातों को अविश्वसनीय बताते हुए कहा कि जब तक केंद्र सरकार इसे लेकर गजट जारी नहीं करती तो इसे सही नहीं माना जा सकता। इसमें घोषणा की गई कि 25 दिसंबर को नगर क्षेत्र के सभी जैन समाज के लोग जैन औषधालय प्रेमपुरी साथ ही मंडी व उसके आसपास के साथी व परिवार चौड़ी गली जैन मंदिर नई मंडी से एकत्रित होकर नगर के मुख्य बाजारों से होते हुए प्रकाश चौक पर मिलेंगे व वहां से पूरा जत्था कचहरी की ओर प्रस्थान करेगा जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री वन एवं अभ्यारण्य, मुख्यमंत्री झारखण्ड के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपेगा। बैठक की अध्यक्षता पंकज जैन व संचालन रविन्द्र जैन ने किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सरकार जल्द इसमे कोई निर्णय नही लेती है तो एक बड़ी पंचायत कर आगामी रणनीतिक तैयार की जाएगी। बैठक में सकल जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन, गौरव जैन, राजेश जैन गर्ग, कीमती लाल जैन, जितेंद्र टोनी, विप्लव जैन, रोहित जैन, रविन्द्र जैन, प्रवीण जैन, प्रदीप जैन, मनोज जैन आदि ने भी विचार रखे।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव में अनिल जिंदल गुट का दबदबा

▶ बार एसोसिएशन के 58 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद ▶ कुल 2293 मतों में से 1871 ने किया मताधिकार का प्रयोग

मुजफ्फरनगर, 23 दिसम्बर (बु.)। शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की वर्ष-2023 की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए आज जहां कचहरी में भरी गहमागहमी रही, वहीं अनिल जिंदल गुट का पलड़ा भारी रहा। मतदान प्रक्रिया के बीच हांडा हाल स्थित बार संघ कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 05 बजे सायं तक अपनी पसंद के प्रत्याशियों ने लाइनों में लगकर मतदान किया। सुबह वोटिंग हल्की थी, लेकिन बाद में काफी भीड नजर आई और 2293 मतदाताओं में से 1871 अधिवक्ताओं ने वोट डालकर नई कार्यकारिणी का भाग्य निर्धारित किया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शर्मा एड. की देखरेख में शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान शुक्रवार को मुख्य चार पदों के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में तीनों गुट अपने-अपने पक्ष में मतदाताओं को करने की कोशिशों में दिखाई दिए। शुक्रवार को देर सायं तक संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान कुल 2293 मतों में से 1871 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग करते हुए मतदान किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को हुए मतदान में कुल 2293 मतदाताओं में से मात्र 1871 अधिवक्ताओं ने इस बीच अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपनी पसन्द के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया। शुक्रवार को हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर जहां अनिल जिन्दल, मुनेश चन्द त्यागी व योगेन्द्र कुमार शर्मा के बीच में चुनाव हुआ। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अर्जुन सिंह, मानवेंद्र कुमार जैन व विवेक त्यागी, महासचिव पद पर ओंकार सिंह पुंडीर, जितेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर ठा. संदीप पुंडीर, हाकिम अली में सीधा मुकाबला देखने को मिला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद 15 वर्ष के दो पदों के लिए देवेन्द्र कैल, प्रज्ञा गर्ग, प्रदीप कुमार, यशपाल बालियान, विक्रांत राठी व विष्णु गर्ग, उपाध्यक्ष 10 वर्ष दो पद पर दीपक धीमान, नीशुकांत शर्मा, मनोज त्यागी, राधेश्याम त्यागी, शीला भारद्वाज व सत्यवीर सिंह और सह सचिव तीन पद पर ठा. कुल दीपक कुमार, खुर्रम उस्मानी, चौ.तोसीन अहमद, दीपक रानी, राजीव जैन, शिखा कौशिक, शाहजेब व हर गोपाल सिंह के बीच मुकाबला रहा। इसमें अनिल जिंदल गुट का दबदबा नजर आया। वरिष्ठ सदस्य के छह पदों के लिए अभिषेक अग्रवाल, कमल कृष्ण गुप्ता, कुलदीप सिंह, नेपाल सिंह, मनोज कुमार, महेश चन्द, मुदित त्यागी, रविन्द्र सिंह मोघा, रामधन सिंह, सुधीर कुमार, सुरेन्द्र सिंह व मौ. यासीन चौधरी और कनिष्ठ सदस्य के छह पदों के लिए सोमवार को आदीश वर्मा, अब्दुल माजिद त्यागी, अमित कुमार, अमन गोयल, अवनीश कुमार मोघा, ओसाफ, निशा रानी, महीपाल सिंह, योगिता वर्मा, गजेन्द्र कुमार, वासु गोयल, शांतुन पुंडीर, मौ. सादिक, सद्दाम हुसैन, सतीश शर्मा व मौ. हनीफ चुनावी समर में देर सायं तक मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट दिलाने की जुगत में लगे रहे। शनिवार 24 दिसंबर को अब प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में शुक्रवार को मतदान करने के लिए मतदाता बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से जारी किए गए सीओपी कार्ड दिखाने पर ही मतदान करने का मौका मिला। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की संपन्न हुए मतदान प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रियाज हसन राठी, आमोद कुमार त्यागी, रमेश चन्द गोयल, उमेश कुमार शर्मा, ठा. नीरज कुमार, मनोज सौदाई, सुदेश कुमार, सत्येश्वर सिंह चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहे।

दहेज में एक लाख रुपए न मिलने पर विवाहिता को पुत्री सहित घर से निकाला

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। दहेजलोभी ससुराल वालों ने दहेज में एक लाख रुपए व बाईक न मिलने पर विवाहिता को उसकी पुत्री सहित उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला के घर वालों ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान जैगुन पुत्री बल्लू ने बताया कि उसके पति की 12 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। पहले पति से उसने एक पुत्री को जन्म दिया था। परिवारजनों ने उसकी दूसरी शादी तितावी थानाक्षेत्र के मुरादपुरा निवासी सादिक के साथ कर दी थी। पीड़िता का आरोप है कि शादिक व उसके परिवारजन एक लाख रुपये व बाईक की मांग को लेकर मारपीट कर उसका उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर-के कार्यवाही शुरू कर दी है।

किशोरी से अश्लील हरकत करने के आरोपी को तीन वर्ष कैद व 18 हजार रुपये जुर्माने की सजा

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। 29 अक्टूबर 2014 को थाना शाहपुर के एक गांव में घर मे घुसकर 16 वर्षीय किशोरी के साथ अश्लील हरकत कर गाल पर काटकर घायल करने के मामले में आरोपी विजन पुत्र ईश्वर को अदालत ने तीन वर्ष कैद व 18 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष अदालत पोक्सो के जज बाबूराम की कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता दिनेश शर्मा व मनमोहन वर्मा ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार गत 2014 को थाना शाहपुर के एक गांव में 16 वर्षीय बालिका के साथ घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत , मारपीट व गाली गलौच की गयी थी।

ई रिक्शा के नीचे दबकर 2 वर्षीय बच्ची की मौत

रामराज, 23 दिसम्बर (बु.)। गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में ई-रिक्शा को बैक करते समय पास में खेल रही 2 वर्षीय मासूम बच्ची के ऊपर से रिक्शा का पहिया उत्तर जाने से मासूम की मौत हो गयी। परिजनों ने गमगीन माहौल में बच्ची को सुपुर्द ए खाक कर दिया। रामराज थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी नौशाद ई-रिक्शा चलाता है। गुरूवार की देर शाम को नौशाद घर के अंदर ही ई रिक्शा को बैक कर रहा था। पास में ही उसके भाई नूरहसन की 2 वर्षीय मासूम बच्ची शाइस्ता खेल रही थी। नजर न पड़ने के कारण बैक करते समय नौशाद की ई-रिक्शा का पहिया शाइस्ता के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह घायल हो गयी। परिजन घायल बच्ची को रामराज के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुँचे, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम बच्ची की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात को बच्ची के परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के बच्ची के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

पिता ने पड़ौसी युवतियों पर अपनी पुत्री को प्रेमजाल में फंसाने का लगाया आरोप

भोपा, 23 दिसम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके घर के पास रहने वाली दो युवतियों का चाल-चलन ठीक नहीं है। उनके पास कस्बे के ही एक युवक का आना जाना है। पिता ने आरोप लगाया कि उक्त युवक ने युवतियों की मदद से उसकी नाबालिग बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर भगाने की योजना बनाई थी, जिसके चलते युवक ने उनमें से एक युवती द्वारा उसकी पुत्री को मोबाइल फोन दिलवाया, जिस पर आरोपी युवती ने उसकी पुत्री की बात उक्त युवक से करवाई, जिसके बाद आरोपी युवक दोनों युवतियों की मदद से उसकी पुत्री को नशीली दवाइयां खिलवाने लगा। जब उसकी पुत्री ने परिजनों से इस बारे में बताया तो पीड़ित पिता ने आरोपी युवतियों और उनके पिता से मामले की शिकायत की। आरोप है कि आरोपी इस बात पर भड़क उठे और गाली गलौच करते हुए उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी और पुत्री पर रोकथाम करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने आरोपियों से जान-माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

नकली दवाओं को लेकर दर्ज मामले की जांच हो

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। ऑर्गनाइजिंग कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (रजि.) के प्रदेश महामंत्री सुभाष चौहान ने कानपुर में पकड़ी गई 15.28 करोड़ रुपये की नकली दवाओं को लेकर दर्ज मुकदमे की जांच करा कर नकली दवाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि कानपुर में पकड़ी गई मैक्लोड्स कंपनी की दवाएं गंभीर बीमारियों टीबी आदि में भी उपयोग में लाई जाती हैं। कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों मैं नकली मैक्लोड्स की दवाइयां पकड़ी गई । नकली दवाओं की बिक्री से सरकार को राजस्व की भी हानि हो रही है और लाइसेंस धारी दवा विक्रेताओं को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस प्रकार की नकली दवाइयां खुलेआम फर्जी मैडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों को कंपनी के द्वारा डायरेक्ट सप्लाई की जाती है जिसका खामियाजा आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ और सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की शीघ्र अति शीघ्र जांच कराई जारी चाहिए।

मजदूर की झोपड़ी में लगी आग

कैराना, 23 दिसम्बर (बु.)। संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की झोपड़ी में भीषण आग लग गई। इस दौरान झोपड़ी में मौजूद परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। आग लगने के कारण हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

गांव बसेड़ा निवासी मुनव्वर झोपड़ी में अपने परिवार के साथ रहता है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का गुजर-बसर करता है। गुरुवार की रात मुनव्वर अपनी पत्नी व चार बच्चों के साथ झोपड़ी में सोया हुआ था, तभी संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी झोपड़ी में आग लग गई। जिसके बाद मजदूर की आंख खुल गई और उसने परिवार के सदस्यों को सकुशल बाहर निकाला। मजदूर की चीख पुकार सुनकर मौके पर अन्य ग्रामीणों आ गए। ग्रामीणों ने आग पर पानी डालकर बामुश्किल काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी के अंदर रखी चारपाई, बिस्तरे आदि सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित का आरोप है कि शरारती तत्वों द्वारा तेल छिड़ककर उसकी झोपड़ी में आग लगाई गई है। पीड़ित मजदूर ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलवाए जाने की गुहार लगाई है।

जानलेवा हमले के आरोपी को दस वर्ष कैद व 27 हजार जुर्माने की सजा

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। 4 अक्टूबर 2014 को शामली में घर में घुसकर धारदार हथियार से सादिक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी कालू उर्फ हुक्का उर्फ घोड़ा को अदालत ने दस वर्ष कैद व 27 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमार्ने की रकम में से दस हजार रुपये घायल सादिक को मिलेगें अदालत ने वादी द्वारा अपने बयान से मुकरने व झूठा ब्यान देने पर धारा 344 सीआरपीसी के तहत संज्ञान लेकर कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किया हैं। मामले की सुनवाई जिला जज चवनप्रकाश की कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा व एडीजीसी ललित भारद्वाज ने पैरवी की। अभियोजन की कहानी के अनुसार 4 अक्टूबर 2014 को शामली में घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर सादिक को घायल कर दिया गया था। मामले की रिपोर्ट नाजिम ने कालू के विरुद्ध लिखाई थी।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में इस तरह उनका फोटो लगा बैनर पैरों में लगा रहा।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की 120 वीं जयंती पर नुमाइश ग्राउंड सभागार में आयोजित किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम में अति उत्साह के चलते कृषि विभाग के अधिकारी चौधरी चरण सिंह के चित्र को लेकर शुक्रवार को चर्चाओं में रहे। एक ओर जहां किसानों को विभिन्न क्षेत्रों से लेकर कार्यक्रम में लेकर पहुंची बसों पर चौधरी चरण सिंह का फोटो न होने पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने नाराजगी जताई वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए मंच पर कृषक मेला एवं संगोष्ठी को लेकर लगाया गया बैनर विवादों का कारण बना रहा। किसान नेताओं ने इस बैनर के पास लोगों के जूते और उससे ऊपर मंच पर खड़े अतिथियों एवं कार्यक्रम संचालकों के पैरों से नीचे चौ. चरण सिंह के फोटो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई वहीं जिला कृषि एवं गोष्ठी कार्यक्रम में किसानों को सम्मानित किये जाने को लेकर आए शॉलों की गुमशुदगी को लेकर भी अधिकारियों में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगते रहे।

कोविड को लेकर योगी ने प्रशासन को खड़खड़ाया

▶ मुख्यमंत्री योगी ने दिए तमाम ऐहतियाती उपाय करने के आदेश
▶ ठंड को देखते हुए अलाव, रैनबसेरे व कंबल वितरण को कहा

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड की आशंका के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाए दुरुस्त कर लेने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। उन्होंने ठंड को देखते हुए भी प्रशासन को समुचित व्यवस्था कराने और अलाव व रैनबसेरों की व्यवस्था के साथ कंबल बंटवाने को कहा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत बैठक में जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को देख सभी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी अपने जनपद में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आइसीसीसी) एक्टिव करें एवं उनमें चिकित्सकों की तैनाती करें तथा साथ ही अस्पतालों में वेंटिलेटर की स्थिति भी जांच लें। सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एंबुलेंस, आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित कर लें। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा एवं ग्राम प्रधान को सुरक्षा उपायों के दृष्टिगत प्रशिक्षण करा दें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऑक्सीजन के प्लांट का निरीक्षण करें। समस्त ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर कोरोनावायरस के संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। बढ़ती ठंड एवं गिरते तापमान के दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि रेन बसेरा एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कंबल वितरण कराया जाए एवं सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी रैन बसेरा संचालित किया जाए। कोहरे के दृष्टिगत स्कूली बसों का फिटनेस एवं लाइसेंस की जांच करें।

मुख्यमंत्री द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिदिन अपने शासकीय कार्यालय में ही जनसुनवाई एवं शासकीय कार्य का निस्तारण समय से करें। जनसुनवाई को मेरिट के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करे। सभी अधिकारी भी अपने अपने कार्यालय स्तर पर प्रतिदिन जनसुनवाई सुनिश्चित करेंगे एवं कार्य न करने वाले अधिकारियों की जवाब देही तय करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि आइजीआरएस पर डिफॉल्टर की स्थिति ना बनने दे यदि कोई डिफाल्टर संदर्भ है तो उस पर जिलाधिकारी स्वयं निगरानी एवं समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान दिवस पर वरिष्ठ अधिकारी स्वयं जाए एवं जनमानस लोगों की शिकायतों का निस्तारण करें। सभी पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी अधिकारी जहरीली शराब एवं ड्रग्स में लिप्त कारोबारी पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा संबंधित माफियाओं की संपत्ति जब्त कराए। उक्त विषयों पर मुख्यमंत्री जी द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं समयबद्धता के साथ कार्य संपन्न किए जाने के निर्देश दिए एवं अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपरोक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह फौजदार, उपजिलाधिकारी सदर, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आगरा किले में मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबी हैं ठाकुर केशवदेव की मूर्तियां, अदालत में किया गया दावा

मथुरा, 23 दिसम्बर (वार्ता)। औरंगजेब ने भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर को तोड़कर उसमें स्थापित ठाकुर केशवदेव के श्रीविग्रह (मूर्ति) को आगरा भिजवा दिया और इन्हें मस्जिद की सीढ़ियों में दबवा दिया। यह दावा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र प्रताप सिंह ने मथुरा के फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन नीरज गौंड की अदालत में किया। उन्होंने अदालत से मांग की है कि बेगम साहिबा की मस्जिद की सीढ़ियों से लोगों का आवागमन बंद किया जाए। सीढ़ियों के नीचे दबे इन विग्रहों को निकालकर ठाकुर केशवदेव मंदिर में स्थापित किया जाए।

न्यायालय में दर्ज किए गए दावे में वादी महेंद्र प्रताप सिंह और वृंदावन निवासी श्यामा नंद पंडित उर्फ शिवचरन अवस्थी ने यूनियन ऑफ इंडिया बजरिये केंद्री सचिव दिल्ली, डायरेक्टर जनरल आक्रोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया तिलक मार्ग नई दिल्ली, अधीक्षक भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण आगरा, निदेशक भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण मथुरा को प्रतिवादी बनाया है। वादी ने कहा कि 1670 में औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर बने ठाकुर केशवदेव के मंदिर को विध्वंस कर दिया। मंदिर में स्थापित कीमती रत्नजड़ित छोटे एवं बड़े देव विग्रहों को आगरा ले जाया गया। जिन्हें मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दबा दिया। यह देव विग्रह आज भी मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दफन हैं, जो कि प्रतिवादीगण के अधीन है। वादी ने बताया कि उक्त तथ्यों का उल्लेख औरंगजेब के मुख्य दरबारी मुस्तैक खान द्वारा लिखित पुस्तक मासर ई आलमगिरी में है, जिसका अरबी भाषा से अंग्रेजी अनुवाद दुनाथ सरकार ने किया है। इतिहासकार बीएस भटनागर द्वारा लिखित पुस्तक में भी इसका वर्णन मिलता है। महेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत से प्रार्थना की है कि उक्त सीढ़ियों पर लोगों को आने जाने से रोका जाए तथा सीढ़ियों को खुदवाकर उनमें दफन की गई विग्रहों को निकालकर ठाकुर केशव देव मंदिर में स्थापित किया जाए। वादीगण ने बताया कि अदालत ने इसकी अगली सुनवाई के लिए 23 जनवरी को होगी।

बांकेबिहारी मंदिर में सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं को बुरी तरह पीटा

मथुरा। वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर की व्यवस्थाओं को संभालने के लिए तैनात निजी सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ बदसलूकी और मारपीट की घटनाएं आम बात हो गई है। वहीं मंदिर के सेवायत भी इन सुरक्षाकर्मियों की मनमानी और दबंगई से खासे परेशान हैं। मंदिर प्रबंधन सब जानते हुए भी अनजान बना बैठा है। अब लोगों ने पुलिस प्रशासन से मंदिर के निजी सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। बांके बिहारी मंदिर में शुक्रवार को श्रद्धालुओं के साथ निजी सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट कर दी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। श्रद्धालुओं का दल शुक्रवार की शाम बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर श्रद्धालु और गार्ड के बीच कहासुनी हो गई। सुरक्षा कर्मी ने गुंडई दिखाते हुए मंदिर परिसर में ही श्रद्धालु के साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे अफरातफरी मच गई। अपने बचाव में श्रद्धालुओं ने भी सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट की लेकिन इसी दौरान कई और सुरक्षाकर्मी वहां आए। सुरक्षाकर्मियों ने एकजुट होकर श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। आरोप है कि एक सुरक्षाकर्मी के हाथ में प्लास्टिक का माइक भी था, जिससे उसने श्रद्धालुओं पर हमला कर घायल कर दिया। सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं को पटक पटककर मारा। इस घटना से मंदिर में अफरातफरी मच गई।

सरकारी अस्पताल में बन रहे कोविड वार्ड का निर्माण कार्य अधर में लटका, जल्द पूरा करने के निर्देश

कैराना, 23 दिसम्बर (बु.)। देश में नए वेरिएंट की दस्तक ने सरकार को भी अलर्ट कर दिया है, लेकिन कैराना में बन रहा कोविड वार्ड अभी तक अधर में ही लटक गया है। यहां के हालात पर बात करें तो लोग भी लापरवाही कर रहे हैं। ना तो मास्क है और ना ही सोशल डिस्टेंस है। यही हाल अभी भी सरकारी अमले का है । दरअसल देश में चार मरीज नए वेरिएंट के मिले तो सरकार ने भी तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर दिए। विशेषकर स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। इतना ही नही टेस्टिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। वहीं कोरोना की चौथी लहर के दृष्टिगत स्थानीय स्वास्थ्य विभाग जहां अलर्ट पर होने का दावा कर रहे हैं, वहीं लापरवाही भी कम नहीं है। स्थानीय सीएचसी में निमार्णाधीन 20 बेड के कोविड वार्ड का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। निर्माण कार्य में तेजी लाने के विभाग को निर्देश दिए गए हैं। यह वार्ड 15 जनवरी तक बनकर तैयार हो जायेगा। इसके बाद वार्ड में संसाधन एवं कोरोना पॉजिटिव मरीजों के उपचार की सुविधा शुरू होगी, हालांकि अभी कोई जनपद में मरीज देखने को नहीं मिला है।

दो वर्ष पूर्व कोरोना महामारी के कारण भयावह हालात बन गए थे। अब एक बार फिर चीन सहित अन्य देशों में कोरोना के नए वैरीएंट ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं शवों को लेने के लिए लोग परेशान हैं। इस तरह की हालत को देखते हुए भारत सरकार भी अलर्ट मोड़ पर आ गई है। हाल में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारों के साथ हाई लेवल मीटिंग आयोजित की थी। कोरोना के प्रति लोगों को जागरुक करने व स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश जारी कर दिए थे। कई माह पहले कैराना नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में टीबी वार्ड के सामने 20 बेड के कोविड वार्ड का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। करीब 20 फीट चौड़ा व 80 फीट लंबाई वाले इस वार्ड का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। कोरोना की चौथी लहर को देखते हुए कोविड वार्ड के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश जारी हो गए हैं। बताया गया है कि 15 नवंबर 2022 तक पूरा होना था, लेकिन कार्य धीमा होने के कारण अभी तक वार्ड तैयार नहीं हो सका। अब कोरोना की चौथी लहर के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग ने कार्यदायी संस्था को आगामी 15 जनवरी तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल वार्ड की दीवारों पर प्लास्टर कराने का काम चल रहा है। निर्माण पूरा होने के बाद वार्ड में संसाधन और कोरोना पॉजिटिव मरीजों के उपचार की सुविधा शुरू हो जाएगी।

सीएचसी में मरीजों की जांच की अनिवार्य

कैराना। कोरोना की चौथी लहर के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। सीएचसी में ओपीडी में आने वाले प्रत्येक मरीजों की सबसे पहले कोरोना जांच अनिवार्य कर दी गई हैं। मरीजों की आरटीपीसीआर की जांच की जायेगी, जिसके पश्चात ही उन्हें उपचार दिया जायेगा। साथ ही साथ प्राइवेट अस्पतालों को भी करोना वायरस से बचाव को निर्देश जारी हो चुके है। इतना ही नही कहा गया है की लापरवाही बिलकुल भी नहीं की जाए। अब देखना होगा की इस लहर से भारत के लोग कितना बच पाते हैं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

फिलहाल आठ बेड का वार्ड किया सक्रिय

कैराना। 20 बेड के कोविड वार्ड का निर्माण पूरा होने तक सीएचसी में पहले से निर्मित भवन में आठ बेड का कोविड वार्ड बनाया गया था। धीरे-धीरे कोरोना केस समाप्त होने के चलते वार्ड पर भी ताला लटक गया था। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र चौरसिया ने बताया कि अब चौथी लहर को लेकर आठ बेड के उक्त वार्ड को सक्रिय कर दिया गया था, जिसमें ऑक्सीजन के साथ ही अन्य सुविधा उपलब्ध है।

भाकियू 26 जनवरी को फिर निकालेगी ट्रैक्टर यात्रा

सिसौली, 23 दिसंबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन 26 जनवरी को फिर ट्रैक्टर यात्रा निकालेगी। हालांकि यह कहां निकलेगी ये अभी तय नहीं है। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा की सभी चैनल सरकार के अधीन है इसलिए सभी को टीवी पर दिखाई जाने वाली डिबेट का बहिष्कार कर अपने पारंपरिक खेल जैसे कबड्डी और कुश्ती आदि को बढ़ावा देना चाहिए।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 120 वी जयंती के अवसर पर यूनियन मुख्यालय में आज युवा भारत के भविष्य विषय पर महामंथन हुआ, जिसमें विभिन्न प्रदेशों के युवाओं, खाप चौधरियों, क्षेत्र के स्कूल प्रबंधकों, प्रधानाचार्य, बच्चों ने हिस्सा लिया । इस मौके पर भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा की आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ रही है।अगर आंकड़ों की बात करें तो अकेले सिसौली कस्बे से ही 18 से 20 करोड़ रुपए एक साल में नशे में खर्च हो जाते होंगे । युवा पीढ़ी को समझना होगा कि नशे से दूर रहकर ही आप अपना अपने परिवार का व अपने देश का भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील कि युवाओं को यह भी समझना होगा कि सरकार किसानों की जमीन के पीछे पड़ी हुई है, अगर आप खेती किसानी नहीं कर सकते तो आप दूसरी तरह के काम करिए, जिससे आपके परिवार का आपके घर का पालन पोषण हो सके। आप जमीन को बंजर छोड़ दो लेकिन उसको बेचो मत, जितना अधिकार आपका जमीन पर है उतना ही अधिकार आपके आने वाले पीढ़ियों का इस जमीन पर है। चौधरी राकेश टिकैत ने 26 जनवरी को ट्रैक्टर यात्रा निकालने की भी बात कहते हुए कहा कि कब कहां से कहां तक ट्रैक्टर यात्रा निकालनी है वह समय आने पर आपको बता दिया जाएगा। ट्रैक्टर यात्रा में अनुशासन बना रहना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भी किसानों व युवाओं को आपसी मतभेद भुलाकर एक होकर अपने हक की लड़ाई लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की राह छोड़कर अपने हक की लड़ाई लड़ना सीखना होगा। हम रहे ना रहें, लेकिन किसानों के हक कि लड़ाई जारी रहनी चाहिए। क्षेत्र के चौधरी अजब सिंह पब्लिक स्कूल भौंरा कला,ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल लालूखेड़ी ,गोल्डन बैल अकेडमी, स्टैयर स्पोर्ट अकेडमी, शाश्वत पब्लिक स्कूल, वनस्थली अकेडमी, मून लाइट पब्लिक स्कूल आदि के बच्चों ने सांस्कृतिक कर्यक्रम प्रस्तुत किये। किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 120 वी जयंती के अवसर पर भाकियू मुख्यालय में हवन हुआ। भाकियू सुप्रीमो चौ नरेश टिकैत, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी समेत हजारों किसानों ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नरेश टिकैत व खाप चौधरियों ने संदीप बालियान पुत्र जगबीर सिंह सिसौली को सहायक चकबंदी अधिकारी बनने पर व गोल्डन बेल्स अकेडमी की छात्रा तनिष्का पुत्री परविंदर दूल्हेरा को दसवीं की परीक्षा में 99% अंक लाने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद, किसान नेत्री सोनिया मान, बाबा श्याम सिंह ने भी युवाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम मे राजीव बालियान, किसान चिंतक कमल मित्तल, नरेश पहलवान, अजय सिसौली, अभिजीत बालियान, तनुज बालियान, नाजिम आलम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा चौधरी सीताराम बहावड़ी व संचालन अनुज बालियान और सुक्रमपाल ने संयुक्त रूप से किया।

सड़क पर शराब पीने से रोकने पर वर्कशॉप मालिक पर जानलेवा हमला

मुजफ्फरनगर, 23 दिसंबर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र के पचैंडा रोड़ पर वर्कशॉप के सामने गाड़ी खड़ी करके शराब पी रहे युवकों को ट